Under CSR Support by ipca | Foundation
missiongyan

# अध्याय – 4 | वायु

## QUIZ-01

1. **पृथ्वी के चारों ओर फैली वायु की घनी चादर को क्या कहा जाता है?**
   A. जीवमंडल
   B. वायुमंडल
   C. स्थलमंडल
   D. जलमंडल (B)

***व्याख्या :*** पृथ्वी को चारों ओर से घेरने वाली वायु की परत को वायुमंडल कहा जाता है।

2. **वायुमंडल में सबसे अधिक मात्रा में पाई जाने वाली गैस कौन-सी है?**
   A. ऑक्सीजन
   B. कार्बन डाइऑक्साइड
   C. नाइट्रोजन
   D. आर्गन (C)

***व्याख्या :*** वायुमंडल में नाइट्रोजन की मात्रा सबसे अधिक (लगभग 78%) होती है।

3. **वायुमंडल में ऑक्सीजन का प्रतिशत लगभग कितना होता है?**
   A. 78%
   B. 21%
   C. 0.93%
   D. 0.03% (B)

***व्याख्या :*** ऑक्सीजन वायुमंडल का लगभग 21% भाग बनाती है।

4. **किस गैस को ग्रीनहाउस गैस कहा गया है?**
   A. नाइट्रोजन
   B. ऑक्सीजन
   C. आर्गन
   D. कार्बन डाइऑक्साइड (D)

***व्याख्या :*** कार्बन डाइऑक्साइड ऊष्मा को रोककर ग्रीनहाउस प्रभाव उत्पन्न करती है।

5. **वायुमंडल की सबसे निचली और सबसे महत्वपूर्ण परत कौन-सी है?**
   A. समतापमंडल B. मध्यमंडल
   C. क्षोभमंडल D. बहिर्मंडल (C)

***व्याख्या :*** क्षोभमंडल में हम साँस लेते हैं और सभी मौसमीय घटनाएँ यहीं होती हैं।

6. **ओजोन गैस की परत किस वायुमंडलीय परत में पाई जाती है?**
   A. क्षोभमंडल
   B. समतापमंडल
   C. मध्यमंडल
   D. बहिर्मंडल (B)

***व्याख्या :*** समतापमंडल में ओजोन गैस की परत होती है, जो सूर्य की हानिकारक किरणों से रक्षा करती है।

7. **वायुदाब में ऊँचाई बढ़ने पर क्या परिवर्तन होता है?**
   A. बढ़ता है
   B. समान रहता है
   C. घटता है
   D. अचानक समाप्त हो जाता है (C)

***व्याख्या :*** समुद्र तल पर वायुदाब अधिक होता है और ऊँचाई बढ़ने पर यह घटता जाता है।

8. **उच्च दाब क्षेत्र से निम्न दाब क्षेत्र की ओर वायु की गति को क्या कहते हैं?**
   A. तापमान
   B. आर्द्रता
   C. पवन
   D. वर्षा (C)

***व्याख्या :*** वायु की यह क्षैतिज गति पवन कहलाती है।

9. **वायु में जलवाष्प की मात्रा को क्या कहा जाता है?**
   A. तापमान
   B. आर्द्रता
   C. वायुदाब
   D. पवन (B)

***व्याख्या :*** किसी समय वायु में उपस्थित जलवाष्प की मात्रा को आर्द्रता कहते हैं।

10. **वर्षा के कितने प्रमुख प्रकार बताए गए हैं?**
    A. एक
    B. दो
    C. तीन
    D. चार (C)

***व्याख्या :*** वर्षा के तीन प्रकार बताए गए हैं—संवहनीय वर्षा, पर्वतीय वर्षा और चक्रवाती वर्षा।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App